# गंदगी फैलाने वालों से वसूला जुर्माना



स्टेशन रोड क्षेत्र में गंदगी फैलाने वालों से जुर्माना वसूलते हुए निगमकर्मी। • नईदुनिया

**रतलाम।** खुले में गंदगी करने पर रणवीर त्रिवेणी मेला परिसर, पंकज कुमावत अमृत सागर रोड से 1000-1000 रुपये, जय मां काली, खंडेलवाल नमकीन स्टेशन रोड से 500-500 रुपये, भरकादेवी आइस्क्रीम, प्रकाश त्रिवेणी मेला परिसर, बाम्बे कुल्फी त्रिवेणी मेला परिसर, होटल शेरे पंजाब, बालाजी रेस्टोरेंट स्टेशन रोड पर 200-200, जयश्री चाय, जोशीली, ड्रीम आइस्क्रीम त्रिवेणी मेला परिसर, धीरज, राहुल व शुभम स्टेशन रोड से 100-100 रुपये जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल द्वारा सभी को भविश्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी।

### छह कर्मचारियों का वेतन काटा

**रतलाम।** रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान रामजीलाल-किशन, अजय-बसंत, दौलत-राजू, नरेंद्र-विजय, आकाश-मुकेश व भारत-रामलाल कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए गए। सभी का एक दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। इसी प्रकार कचरा संग्रहण वाहन चालक राजेश वर्मा, श्याम परमार, सुनील बैरागी, कैलाश परमार, मनीष डागर व जितेंद्र खरे का सात दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ पत्र जारी किया गया।

नईदुनिया 5/1/22

# पैलेस रोड पर पैचवर्क में गड़बड़ी, जांच के आदेश

**रतलाम।** शहर में सड़कों का पेंचवर्क करने में ठेकेदार की मनमानी व शिकायतों को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने गंभीरता से लिया है। कलेक्टर ने कहा कि शहर में नगर निगम के द्वारा सड़कों पर किए जा रहे पैचवर्क के संबंध में आए दिन शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं। खासतौर पर पैलेस रोड का पैचवर्क प्रथम दृष्टया ही गुणवत्ताविहीन है।

कलेक्टर ने पैलेस रोड का पेंचवर्क दोबारा कराने सहित निगमायुक्त को यह भी निर्देश दिए कि नगर निगम के अधिकारियों के अलावा भी एक तकनीकी अधिकारी पृथक से समस्त सड़क पेंचवर्क का निरीक्षण करेगा। कलेक्टर को रिपोर्ट देगा, उसके पश्चात ही समस्त पेंचवर्क कार्यों का भुगतान ठेकेदार को किया जा सकेगा। कलेक्टर ने जांच के लिए लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री अनुरागसिंह को नियुक्त किया है जो पैलेस रोड पर पैचवर्क गुणवत्ता की जांच पांच जनवरी तक करके रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

### 80 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

**रतलाम।** नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को 80 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 26985, ट्रैक्टर-ट्राली से 14055, काम्पेक्टर सूखा कचरा 23020, काम्पेक्टर गीला कचरा 16220 कुल 80280 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

नईदुनिया 5/1/22

# अब बिना जांच के नहीं होगा पेचवर्क का भुगतान

**रतलाम.** शहर में सड़कों पर पेचवर्क की शिकायतों पर कलेक्टर ने अब सख्त रूख अपनाया है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की माने तो रतलाम शहर में नगर निगम के द्वारा सड़कों पर किए जा रहे पैच वर्क के संबंध में आए दिन शिकायतें मिलती है। खासतौर पर पैलेस रोड के पैच वर्क की गुणवत्ता को लेकर गंभीर शिकायत मिली है। पैलेस रोड का पेच वर्क गुणवत्ताविहीन है। पेच वर्क दोबारा करने के साथ ही निगमायुक्त को यह भी निर्देशित किया है कि नगर निगम के अधिकारियों के अलावा भी एक तकनीकी अधिकारी पृथक से समस्त सड़क पेच वर्क का निरीक्षण करेगा और कलेक्टर को रिपोर्ट देगा, उसके बाद ही समस्त पैच वर्क कार्यों का भुगतान ठेकेदार को किया जा सकेगा। कलेक्टर द्वारा पृथक से जांच के लिए लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री अनुरागसिंह को नियुक्त किया गया है जो पैलेस रोड पर पेच वर्क गुणवत्ता की जांच 5 जनवरी तक करके रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

पत्रिका 5/1/22

## रोजगार मेले में 3500 से ज्यादा लोगों को मिलेगा ऋण

रतलाम। स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी को शहर में मेगा रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। मेले में शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को करोड़ों रुपये के हितलाभ वितरित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में लगभग ढाई हजार आवेदन स्वीकृत किए जा रहे हैं, जिनमें ढाई करोड़ रुपये के ऋण लाभ हितग्राहियों को प्रदान किए जाएंगे। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिलीप सेठिया ने बताया कि 12 जनवरी को जिले के महिला स्वयं सहायता समूहों को भी वृहद रूप से लाभान्वित किया जाने वाला है। समूहों को तीन करोड़ रुपये के ऋण लाभ वितरित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना में भी 672 आवेदन स्वीकृत होंगे। रोजगार मेले में 67 लाख के ऋण वितरित होंगे।

नईदुनिया 5/1/22

## 80 टन कचरा जुलवानिया पहुंचा

रतलाम. नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे व सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जा रहा है। इसके बाद इस कचरे को जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर पहुंचाया जा रहा है। मंगलवार को 80 टन से अधिक कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर भेजा गया।

पत्रिका 5/1/22

# महीनों बीत गए, सफाई की सुध लेने वाला कोई नहीं...

**रतलाम, नप्र।** नगर निगम सफाई सर्वेक्षण-2021 में अव्वल आने के लिए बातें तो बड़ी-बड़ी बातें कर रहा है, मगर हकीकत में देखें तो निगम खुद ही वार्डों में ठीक ढंग से सफाई करवाने में फिसड्डी साबित हो रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी मैदानी स्तर पर जायजा नहीं ले पा रहे जिसकी वजह यह है कि शहर की सफाई व्यवस्था रामभरोसे चल रही है।

गायत्री टॉकीज रोड शहर की मुख्य सड़क है बावजूद इसके इस सड़क की सफाई को भी अनदेखा

## गायत्री टॉकीज की सड़क पर झाड़ू भी नहीं

किया जा रहा है। आज मंगलवार सुबह ग्यारह बजे तक भी सड़क की सफाई नहीं हुई। क्षेत्रीय लोगों और दुकानदारों को खुद ही सड़क की सफाई करना पड़ी। नाली की बात करें तो इस नाली की महीनों तक सूध नहीं ली जाती है। नाली हमेशा लबरेज रहती है। हाल ही में इस वार्ड का दरोगा बदला गया। लोगों ने कई बार नालियों की सफाई की ओर ध्यान खींचा मगर जब से नए दरोगा ने काम संभाला हैं तब से लेकर आज तक उन्होंने नाली में एक बागरा तक नहीं लगवाया है वरना पहले जो दरोगा था वह कम से ऊपरी तौर पर सफाई करवाता था। नाली के पूरी तरह जाम होने से लोग इतने परेशान हो गए कि खुद ही अपने स्तर पर नाली की सफाई करवाकर पानी को चालू किया। सफाई में कई गाड़ियां गाद भी निकलवाई। लेकिन इसके बाद भी दरोगा ने नालियों की नियमित सफाई करवाना मुनासिब नहीं समझा।

निगमायुक्त जब कभी सफाई व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचते तो सफाई कर्मचारियों को ही गैर हाजिर पाते है। हाल ही में उन्होंने रात की सफाई व्यवस्था में आधा दर्जन सफाई कर्मचारियों को गैर हाजिर पाया है। वार्डों की सड़क, गली, सार्वजनिक जगह और नाले-नालियों की समुचित सफाई के लिए झोन प्रभारी और वार्ड दरोगा व वार्ड के संरक्षक को पाबंद किया है मगर कोई भी गंभीरता से नहीं ले रहा है। सीएम हेल्प लाइन में शिकायत करने के बाद दरोगा झूठी बातें कर लोगों से शिकायत तो वापस करवा लेते है मगर काम नहीं करवा पाते है।

## रात की सफाई में छह गैर हाजिर, नोटिस जारी

**रतलाम, नप्र।** बाजारों में रात को सफाई की जा रही है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया जब रात की सफाई का जायजा लेने पहुंचे तो आधा दर्जन कर्मचारियों पर काम नहीं पाया। आयुक्त ने गैर हाजिर कर्मचारियों का नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए जानना चाहा कि क्यों न इस लापरवाही पर एक दिन का वेतन काटा जाए या फिर सेवा से बर्खास्त किया जाए।वहीं घर घर से कचरा लेने के लिए जाने वाले आधा दर्जन से ज्यादा चालक भी बिना बताए काम पर नहीं पहुंचे। आयुक्त ने पाया कि इनके गैर हाजिर रहने से नगर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई है। सभी का हफ्तेभर का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने के लिए सूचनापत्र जारी किया है।

प्रभातकिरण 4/1/22

प्र.की. 4

# अमृत सागर की जलकुंभी से बनेगी जैविक खाद, हर रोज निकाली जा रही है जलकुंभी

## कल कमिश्नर एवं एसडीएम ने खाद बनाने के लिए स्थान तय किया

रतलाम। अमृत सागर तालाब के संरक्षण व संवर्धन, उन्नयन एवं समेकित प्रबंधन परियोजना के प्रथम चरण में अमृत सागर तालाब से जलकुंभी निकालने का कार्य नवीन एक्रेटिक विड हार्वेस्टर मशीन से किया जाकर बड़ी मात्रा में जलकुंभी निकाली जा रही है। निकाली जाने वाली जलकुंभी से जैविक खाद समीप ही बनाये जाने हेतु निगम आयुक्त ने एसडीएम व निगम अधिकारियों के साथ स्थल का चयन किया।

### भूमि का सीमांकन व फेंसिंग कराने के निर्देश दिए

जलकुंभी से जैविक खाद बनाने का कार्य कम संसाधनों के साथ तीव्रता से हो इस हेतु निगम आयुक्त व एसडीएम ने सड़क के दूसरी ओर शासकीय भूमि का चयन कर भूमि का सीमांकन व फेसिग करवाये जाने के निर्देश संबंधित को दिये।

### 45 दिनों में खाद तैयार की जा सकती है

इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह राठौर ने जलकुंभी खाद बनाने की जानकारी देते हुए बताया कि जलकुंभी में नाईट्रोजन व फास्फोरस उचित मात्रा में होने से 45 दिनों में जैविक खाद तैयार की जा सकती है।

निगम आयुक्त ने इस अवसर पर बताया कि अमृत सागर तालाब से जलकुंभी निकालने का कार्य नवीन एक्रेटिक विड हार्वेस्टर मशीन से तेजी से किया जा रहा है। जलकुंभी से शीघ्र खाद बनाये जाने हेतु सड़क के दूसरी ओर स्थल का चयन किया गया है। भूमि का सीमांकन कर फेंसिंग की जाकर वैज्ञानिक तरीके से जलकुंभी का संग्रहण किया जाकर जैविक खाद तैयार की जायेगी। तैयार की गई खाद को किसानों व नागरिकों को विक्रय किया जायेगा जिससे निगम को राजस्व की प्राप्ति होगी। जलकुंभी की सफाई के बाद अमृत सागर तालाब का स्वरूप निखरेगा। इसके बाद पूरे क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

राज एक्सप्रेस 5/1/22

## जलकुंभी से बनेगी जैविक खाद

रतलाम ● अमृत सागर तालाब के संरक्षण व संवर्धन, उन्नयन एवं समेकित प्रबंधन परियोजना के प्रथम चरण में अमृत सागर तालाब से जलकुंभी निकालने का कार्य नवीन एक्रेटिक विड हार्वेस्टर मशीन से किया जाकर बड़ी मात्रा में जलकुंभी निकाली जा रही है। निकाली जाने वाली जलकुंभी से जैविक खाद समीप ही बनाए जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने एसडीएम व निगम अधिकारियों के साथ स्थल का चयन किया।

स्वदेश 5/1/22

**डीपीआर हो चुकी है तैयार, इसी माह मिल सकती मंजूरी**

# दो फोरलेन व एक टू-लेन का प्रस्ताव प्रमुख अभियंता को सौंपा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में बनने वाले दो सिटी फोरलेन, एक टू लेन सहित जुलवानिया में कचरा निष्पादन की योजना का प्रस्ताव नगर निगम के कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जीके जायसवाल व श्याम सोनी ने नगरिय प्रशासन विभाग के प्रमुख अभियंता को मंगलवार को भोपाल जाकर सौंप दिया। इन योजनाओं की डीपीआर बन चुकी है। अब इसकी तकनीकी मंजूरी इसी माह संभव है। सब कुछ सही रहा तो नए वित्तीय वर्ष में निर्माण कार्य टेंडर के बाद शुरू हो जाएंगे।

शहर में जीपीओ रोड याने की मुख्य डाकघर से लोकेंद्र टाकिज तक व शास्त्रीनगर की मुख्य रोड सिटी फोरलेन में ली गई है। इसके लिए डीपीआर बनाने का कार्य हो गया है। इसके बाद नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने इसकी मंजूरी दे दी थी। अब निगम के वरिष्ठ अधिकारी भोपाल पहुंचे व विभागीय प्रमुख अभियंता को योजना का प्रस्ताव दे दिया है।

## यहां बनेगी टू लेन

इन दो मार्ग पर सिटी फोरलेन के अलावा एक टू लेन भी शहर में बनेगा। राममंदिर के करीब नमकीन दुकान से जवाहर नगर, लक्ष्मणपुरा, गांधीनगर होते हुए यह जुनियर रेलवे इंस्टिट्यूट तक जाएगा। इसके लिए भी डीपीआर बनने से लेकर निगम प्रशासक कुमार की मंजूरी हो गई है।

## होगा निष्पादन कार्य

इन सब के बीच शहर में स्वच्छता अभियान में जो कचरा प्रतिदिन निकलता है, व इसके पूर्व लगातार निकल रहा है, इसका निष्पादन करना भी जरूरी है। इसके निष्पादन के लिए योजना बनाकर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने पहले प्रशासक के पास भेजा था। वहां से मंजूरी के बाद अब योजाना की तकनीकी स्वीकृति के लिए भोपाल भेजा गया है। इसकी मंजूरी के बाद पूर्व के व वर्तमान में निकल रहे कचरे का निष्पादन होने लगेगा।

## संभवत इसी माह मंजूरी

शहर में निर्माण होने वाली दो सिटी फोरलने, एक टू लेन सहित जुलवानिया में एकत्रित होने वाले के कचरे के निष्पादन के लिए कार्य योजना बनाकर अधिकारियों ने भोपाल प्रस्ताव सबमिट कर दिया है। संभवत इसी माह इनकी मंजूरी हो जाएगी। इसके बाद टेंडर आदि निकाले जाएंगे।

**- सौमनाथ झारिया,** आयुक्त नग निगम

पत्रिका

पत्रिका 5/1/22

# रतलाम जिले में भी 15 से 18 वर्ष आयु के बच्चों का टीकाकरण आरंभ

## कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने बालिकाओं के स्कूल पहुंचकर किया निरीक्षण

रतलाम । रतलाम जिले में भी 3 जनवरी से 15 से 18 वर्ष आयु के स्कूली बच्चों का टीकाकरण आरंभ किया गया। प्रथम दिवस 23 हजार से ज्यादा बच्चों को को वैक्सीन टीके लगाए गए। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम निरीक्षण के लिए रतलाम की आनंद कॉलोनी स्थित नवीन कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल पहुंचे जहां बालिकाओं के वैक्सीनेशन कार्य का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत उपस्थित थे। कलेक्टर ने बालिकाओं से चर्चा भी की, स्कूल के स्टाफ से भी चर्चा करते हुए वैक्सीनेशन कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त की। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि 3 जनवरी को रतलाम जिले में 154 स्कूलों में वैक्सीनेशन किया गया। उन्हीं स्कूलों में 4 जनवरी को भी वैक्सीनेशन किया जाएगा। इनमें शासकीय तथा प्राइवेट दोनों प्रकार के स्कूल सम्मिलित हैं। जिले में स्कूलों में 15 से 18 वर्ष आयु के दर्ज 67 हजार बच्चों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। इसके अलावा 20 हजार ड्रॉपआउट बच्चे भी ढूंढकर वैक्सीनेट किए जाएंगे।

स्वतंत्र लेखन 5/1/22

## शशांक तिवारी के लोक गीतों पर झूमें श्रोता

रतलाम। नगर निगम द्वारा आयोजित ग्यारह दिवसीय त्रिवेणी मेले के दसवें दिन 2 जनवरी रविवार को निगम रंगमंच से लोक गीत गायक शशांक तिवारी ने एक से बढ़कर एक लोक गीतों की सुमधुर प्रस्तुति देकर बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों को झूमने व नाचने पर मजबूर कर दिया। आयोजित आदिवासी लोक नृत्य के रंगारंग कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्री गणेश वंदना के साथ हुई इसके बाद आदिवासी लोक गीत गायक शशांक तिवारी ने उपर कांच को बंगलो रे नीचे पान की दुकान, ओ झामरू ओ झामरू, जलने वाले जलते हैं चलने दो गाड़ी फार्म में जैसे कई आदिवासी लोक गीतों की सुमधुर प्रस्तुति देकर पुरे मेला प्रांगण को आदिवासी लोक गीतों से सराबोर कर दिया। इसके अलावा ग्रुप के अन्य सदस्यों ने भी लोक गीतों की प्रस्तुति दी व लोक गीतों पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति देकर नागरिकों का भरपुर मनोरंजन किया।

## सफाई के 6 कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा

रतलाम। शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों की रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा 2 जनवरी को निरीक्षण किये जाने पर 6 कर्मचारियों द्वारा अपने कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित पाये जाने पर संबंधित कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटने व सेवा से बर्खास्त किये जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के निर्देश संबंधित को दिये। रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान दौलत-राजु, अजय-बसंत, नरेन्द्र-विजय, आकाश-मुकेश, रामजीलाल-किशन व भरत-रामलाल द्वारा अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

## कचरा संग्रहण वाहन के 7 वाहन चालकों का 7 दिवस का वेतन काटा

रतलाम। घर-घर से कचरा संग्रहण वाहन के 7 वाहन चालकों द्वारा बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने से प्रभावित हुई सफाई व्यवस्था के कारण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार वाहन चालक राहुल-नाहर, सुनील बैरागी, शुभम् चनाल, जितेन्द्र तोमर, राजेश वर्मा, मनीष डागर व जितेन्द्र जोशी का 7 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

सिंघम-4/1/22

## मंगलवार को 12 हजार से ज्यादा बच्चे वैक्सीनेट किए गए

रतलाम। जिले में कोरोना के विरुद्ध किए जा रहे बच्चों के टीकाकरण के तहत 4 जनवरी को 154 स्कूलों में कैंप आयोजित किए गए। इस दौरान 12 हजार 993 बच्चों का वैक्सीनेशन किया गया।


## शशांक तिवारी के लोक गीतों पर झूमें श्रोता

रतलाम। नगर निगम द्वारा आयोजित ग्यारह दिवसीय त्रिवेणी मेले के दसवें दिन 2 जनवरी रविवार को निगम रंगमंच से लोक गीत गायक शशांक तिवारी ने एक से बढ़कर एक लोक गीतों की सुमधुर प्रस्तुति देकर बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों को झूमने व नाचने पर मजबूर कर दिया। आयोजित आदिवासी लोक नृत्य के रंगारंग कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्री गणेश वंदना के साथ हुई इसके बाद आदिवासी लोक गीत गायक शशांक तिवारी ने उपर कांच को बंगलो रे नीचे पान की दुकान, ओ झामरू ओ झामरू, जलने वाले जलते हैं चलने दो गाड़ी फार्म में जैसे कई आदिवासी लोक गीतों की सुमधुर प्रस्तुति देकर पुरे मेला प्रांगण को आदिवासी लोक गीतों से सराबोर कर दिया। इसके अलावा ग्रुप के अन्य सदस्यों ने भी लोक गीतों की प्रस्तुति दी व लोक गीतों पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति देकर नागरिकों का भरपुर मनोरंजन किया।

## कचरा संग्रहण वाहन के 7 वाहन चालकों का 7 दिवस का वेतन काटा

रतलाम। घर-घर से कचरा संग्रहण वाहन के 7 वाहन चालकों द्वारा बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने से प्रभावित हुई सफाई व्यवस्था के कारण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार वाहन चालक राहुल-नाहर, सुनील बैरागी, शुभम् चनाल, जितेन्द्र तोमर, राजेश वर्मा, मनीष डागर व जितेन्द्र जोशी का 7 दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।


प्रसारण 5/1/22

# 58 बिल्डिंग परमिशन रुकी, कमर्शियल बिल्डिंग के लिए लेना होगी नजूल एनओसी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

अफसरों की छोटी-सी लापरवाही लोगों के लिए कैसे मुसीबत बन जाती है, बिल्डिंग परमिशन के नगर निगम का गलत आदेश इसका ताजा उदाहरण है। एक माह पहले 10 दिसंबर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नजूल एनओसी मिलने के बाद बिल्डिंग परमिशन देने का आदेश जारी कर दिया था। इसके चलते मकान निर्माण अनुमतियों की 58 फाइल रुक गई है क्योंकि निगम क्षेत्र का मामला बताकर नजूल विभाग ने एनओसी देने से साफ इनकार कर दिया। पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा ने लोगों की परेशानी को कलेक्टर को बताई। कलेक्टर ने साफ कर दि ा है कि सिर्फ शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, फ ट्स वाली मल्टियां समेत अन्य बड़ी कमर्शियल बिल्डिंग बनाने वालों को ही नजूल एनओसी लेना होगी। मक.न बनाने वालों को नजूल एनओसी लेने की जरूरत नहीं होगी। कलेक्टर ने आयुक्त को आदेश दे दिए हैं।

## प्रावधान नहीं होने पर जारी कर दिया आदेश

दरअसल बड़े निर्माणकर्ताओं द्वारा आसपास की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया जाता है। शिकायतें और उन पर कार्रवाई करने के बाद ऐसा न हो इसलिए प्रशासन ने कमर्शियल बिल्डिंग के लिए नजूल विभाग से रिकॉर्ड चेक कराने को कहा था। इसके बजाए नगर निगम ने रतलाम विकास प्राधिकरण, मप्र गृह निर्माण एवं अधोसंरचना मंडल और नगर तथा ग्राम निवेश विभाग से स्वीकृत कॉलोनियों को छोड़कर शहर में सभी स्थानों पर भवन निर्माण अनुमति के पहले नजूल विभाग की अनापत्ति को अनिवार्य कर दिया है। बड़ी बात यह कि निगम ने ऐसा मप्र भूमि विकास नियम 2012 व नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय के परिपत्र के अनुसार अनिवार्य करना बताया था, उसमें ऐसा कोई प्रावधान नहीं है।

## डागा ने लोगो की परेशानी को पहुंचाया कलेक्टर तक

दरअसल शहर में भवन निर्माण अनुमति के लिए निगम द्वारा नजूल एनओसी अनिवार्य कर देने के मामले में पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा ने कलेक्टर से मुलाकात की थी। इसमें लोगों को आ रही परेशानी बताते हुए आदेश निरस्त करने की मांग की थी। कार्रवाई करते हुए कलेक्टर ने नगर निगम के अफसरों को आदेश में संशोधन करने के निर्देश दे दिए हैं।

*मकान बनाने वालों को पहले के नियमानुसार बिल्डिंग परमिशन दी जाएगी। सिर्फ बड़ी कमर्शियल बिल्डिंग के लिए नजूल की एनओसी लेना होगी। आदेश में संशोधन के निर्देश दे दिए हैं।*
**कुमार पुरुषोत्तम,** कलेक्टर

*मकान निर्माण अनुमति में नजूल एनओसी की अनिवार्य से लोग परेशान हैं। मकान बनाने वालों को परमिशन नहीं दी जा रही थी। तकनीकी कारणों से शहर के कई इलाकों के लोगों को अनुमति ही नहीं मिल पाती।* **शैलेंद्र डागा,** पूर्व महापौर

भास्कर

दै. भास्कर 5/1/22

# आर्थिक गतिविधियों पर रोक नहीं, लापरवाही न हो

## कैबिनेट बैठक • कोरोना की स्थिति को लेकर हुआ गंभीर विमर्श, सीएम शिवराज सिंह ने दिए निर्देश

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। प्रदेश में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सभी उपाय किए जाएंगे, पर आर्थिक गतिविधियों पर कोई अंकुश नहीं रहेगा। गरीब व्यक्ति को रोजी-रोटी के लिए परेशान न होना पड़े और सभी वर्गों की जीविका के काम पर कोई संकट खड़ा न हो, इसका ध्यान रखा जाए।

स्कूलों में 50 प्रतिशत क्षमता से उपस्थिति की व्यवस्था कायम रहेगी। सभी मंत्री गृह और प्रभार के जिलों में अस्पतालों में बिस्तर, आक्सीजन प्लांट, सिटी स्कैन, दवा सहित अन्य उपकरणों की उपलब्धता का जायजा लें। यह निर्देश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कैबिनेट बैठक में कोरोना की स्थिति को लेकर स्वास्थ्य विभाग के प्रस्तुतीकरण के दौरान मंत्रियों को दिए।

उन्होंने कहा कि सभी मंत्री होम आइसोलेशन के लिए आवश्यकता पड़ने पर कोविड केयर सेंटर के संचालन की तैयारी भी देखें। जो जांच में संक्रमित पाए जाते हैं, उनके घर में यदि स्थान का अभाव है तो उन्हें कोविड केयर सेंटर में रखने की व्यवस्था की जाए।


जनप्रतिनिधि स्वयं के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में ओमिक्रोन के सबसे ज्यादा 568 मामले आने से मध्य प्रदेश में सावधानियों का पालन करना जरूरी है। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मास्क लगाने और शारीरिक दूरी का पालन अनिवार्य रूप से हो। 15 से 18 वर्ष के बच्चों को टीका लगवाने के लिए माहौल बनाया जाए। इस दौरान बताया गया कि सोमवार को सागर में सर्वाधिक 58 हजार 803 बच्चों को टीके लगाए गए हैं। दूसरे स्थान पर छतरपुर और तीसरे पर मंदसौर रहा है।

- मंत्रियों को स्वास्थ्य व उपचार सुविधाओं का जायजा लेने के निर्देश
- स्कूलों में 50 प्रतिशत क्षमता से उपस्थिति की व्यवस्था कायम रहेगी



### प्रदेश के 52 % कोरोना संक्रमण के मामले इंदौर में

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान ने प्रस्तुतीकरण में बताया कि कोरोना संक्रमण में मध्य प्रदेश देश में 20वें स्थान पर है। साप्ताहिक रूझान को देखें तो पिछले सप्ताह से करीब तीन गुना प्रकरण बढ़े है। प्रदेश में 52 प्रतिशत प्रकरण इंदौर में देखे गए है। भोपाल में कुल प्रकरणों में से 22 प्रतिशत, जबलपुर में पांच प्रतिशत, ग्वालियर में चार प्रतिशत और उज्जैन में तीन प्रतिशत प्रकरण देखने में आए है। प्रदेश में 892 मरीज होम आइसोलेशन में है। ओमिक्रान के नौ प्रकरण सामने आए है, जिनमें सात स्वस्थ हो गए है। वैक्सीन की पहली डोज 95.3 और दूसरी 91.7 प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को लग चुकी है।



## रोजगार के लिए एक दिन में तीन लाख ऋण प्रकरण होंगे स्वीकृत

**रोजगार दिवस**

- 12 जनवरी को पूरे प्रदेश में मनाया जाएगा रोजगार दिवस
- कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों को सीएम शिवराज सिंह ने दी जानकारी

**प्रदेश में बेरोजगारी दर में सबसे कम**

सीएम ने मंत्रियों को बताया कि मप्र उन राज्यों में है जहां बेरोजगारी की दर सबसे कम है। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पिछले साल अधोसंरचना पर 40 प्रतिशत अधिक राशि खर्च की गई।

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। प्रदेश में स्वामी विवेकानंद जयंती पर 12 जनवरी को रोजगार दिवस मनाया जाएगा। इस दिन तीन लाख लोगों के ऋण प्रकरण केस्वीकृतिपत्र दिए जाएंगे। रोजगार उपलब्धा कराने की दिशा में यह बड़ा कदम होगा।



मुख्यमंत्री, मंत्री और अन्य जनप्रतिनिधि इन कार्यक्रमों में उपस्थित रहेंगे। रोजगार देने के लिए इस तरह के आयोजन प्रतिमाह किए जाएंगे। यह जानकारी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कैबिनेट बैठक से पहले मंत्रियों को संबोधन में दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना सहित स्वरोजगार की अन्य योजनाओं के प्रकरण तेजी से स्वीकृत किए जाएं। सभी मंत्री विभिन्न समितियों से संपर्क करके राज्य को विभिन्न स्वरोजगार योजना में अग्रणी बनाने के प्रयास करें। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री स्वनिधि सहित योजनाओं की तरह हमें अन्य योजनाओं में भी सबसे आगे रहना है।

### कमल नाथ सरकार का फैसला पलटा, आनंद विभाग पुनर्गठित

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। शिवराज सरकार ने मंगलवार को कमल नाथ सरकार के एक और निर्णय को पलट दिया है। कांग्रेस सरकार ने आनंद विभाग की जगह अध्यात्म विभाग बनाया था। इसमें धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग को भी समाहित कर दिया था। कैबिनेट बैठक में फिर से आनंद विभाग का गठन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही अध्यात्म विभाग का नाम बदलकर फिर से धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी। अब सामान्य प्रशासन विभाग इसका आदेश जारी करेगा। प्रदेश में 14 से 28 जनवरी तक इसी विभाग के माध्यम से आनंद उत्सव मनाया जाएगा।

नईदुनिया 5/1/22

# शहर में कई स्कूलों में वैक्सीन लगाने के पहले बच्चों को करवाया जा रहा है नाश्ता

भास्कर संवाददाता | रतलाम

स्कूलों में चल रहे वैक्सीनेशन का बीआरसी मुकेश राठौड़ ने निरीक्षण किया। विनोबा हाईस्कूल के साथ कई प्राइवेट स्कूलों में वैक्सीनेशन के पूर्व बच्चों को नाश्ता कराना मिला। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से चर्चा की। बीआरसी राठौड़ ने बताया वैक्सीनेशन को लेकर बच्चों में अच्छा उत्साह है। बच्चे आगे आ रहे है। स्कू[illegible] संचालकों द्वारा टीके के पहले नाश्ता करा रहे हैं। यह अच्छी बात है। सेम[illegible] शासकीय एकीकृत विद्यालय [illegible] से 18 साल की आयु के विद्यार्थियों टीके लगाए। 183 विद्यार्थियों को टीके लगाए। सीएचओ गुंजन सैनी, एनएम चंदा मुनिया, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व शासकीय एकीकृत के शिक्षक मौजूद रहे।

## उत्साह के साथ 180 बच्चों ने लगवाए टीके



सरवन | स्कूली बच्चों की सुरक्षा हेतु चलाए गए कोविड टीकाकरण अभियान के तहत शासकीय संकुल केंद्र हाई स्कूल कुंडा के तहत मावि कुंडा, कलयानी, बोरदा, गराड़, सालरा पाड़ा, पड़ाव, धमुंका सहित शैक्षिक संस्थाओं के कुल 198 बच्चों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसमें से 180 बच्चों को टीके लगाए गए। डॉ. रविंद्र डामोर, प्राचार्य मुनेंद्र दुबे, टीकाकरण प्रभारी गरिमा आचार्य, शिक्षक दिनेश बारोट, कमलेश गहलोत, जन शिक्षक मुस्तकीम सिद्दीकी, अभिलाषा वर्मा, रिजवान कुरैशी, परवीन बानो, प्रमोद जोशी, सिस्टर अनु भगोरा, सीएचओ [illegible]ंगीता कटारा सहित अन्य का सहयोग। रहा।



नामली | 180 छात्राओं को लगाए टीके: कोरोना महामारी से बचाव के लिए 15 से 18 साल के बच्चों के टीकाकरण महाअभियान शुरू हो गया है। इसके तहत शासकीय कन्या हाई स्कूल में छात्राओं को टीके लगाए गए। यहां कुल 180 छात्राओं को टीके लगाए गए। टीकाकरण अभियान में शिक्षिका ललिता कदम, सिस्टर चंदन मेहताने, चंदन मेहता, शिवचरण, आशा कार्यकर्ता भूली दडिंग, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रश्मि रावत, उषा राठौर, सीमा सिमोन, श्यामलाल सुनेरी सहित अन्य का सहयोग रहा।

दे. भास्कर 5/1/22

# जनसुनवाई में 32 आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित दिए

**प्रसारण न्यूज • रतलाम**



जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिडे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद द्वारा 32 प्रकरणों की सुनवाई करते हुए संबंधित विभाग को निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में निराला नगर निवासी अनारसिंह कुम्पावत ने आवेदन देते हुए बताया कि उनके घर के पास एक विद्युत पोल लगा हुआ है। उक्त पोल की स्ट्रीट लाइट विगत कई माह से बंद है जिससे क्षेत्र में अंधेरा रहता है और असामाजिक तत्व आए दिन शरारत करते रहते हैं। प्रकरण निराकरण हेतु आयुक्त नगर निगम की ओर भेजा गया है।

डोसी गांव निवासी राधेश्याम पिता बगदीराम ने बताया कि प्रार्थी की भूमि के समीप रहने वाले नागरिकों के यहां से निकलने वाला गंदा पानी उनकी कृषि भूमि में एकत्रित हो रहा है जिससे प्रार्थी अपनी भूमि पर कृषि कार्य नहीं कर पा रहा है। इस सम्बन्ध में कई बार निगम को शिकायत की गई है लेकिन निराकरण नहीं हो पा रहा है। प्रकरण निराकरण हेतु आयुक्त नगर निगम को भेजा गया है।

पिपलौदा तहसील के ग्राम रानीगांव निवासी मदनलाल पाटीदार ने जनसुनवाई में आवेदन देते हुए बताया कि प्रार्थी द्वारा जावरा स्थित फर्म भेरुलाल से कृषि दवाई क्रय की गई थी। उक्त दवाई एक्सपायरी डेट की होने से प्रार्थी की फसल खराब हो गई, जिसकी शिकायत प्रार्थी द्वारा कृषि विभाग को की गई थी लेकिन कृषि विभाग द्वारा न तो प्रार्थी को मुआवजा दिया गया और ना ही संबंधित फर्म के विरुद्ध कोई कार्यवाई की गई। उक्त आवेदन पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभाग को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

भीमाखेडी जावरा निवासी गेंदालाल ने बताया कि प्रार्थी ओबीसी श्रेणी का होकर गरीबी रेखा की श्रेणी में आता है परन्तु पंचायत सचिव द्वारा गरीबी रेखा का कूपन नहीं बनाया जा रहा है। प्रार्थी को अपने परिवार का भरण पोषण करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। अतः प्रार्थी को गरीबी रेखा का कूपन प्रदाय किया जाए। प्रकरण निराकरण हेतु एसडीएम जावरा को भेजा गया है।

प्रसारण

प्रसारण 5/1/22

# अमृत सागर की जलकुंभी से बनेगी जैविक खाद



● रतलाम

**अमृत सागर तालाब के संरक्षण व संवर्धन, उन्नयन एवं समेकित प्रबंधन परियोजना के प्रथम चरण में अमृत सागर तालाब से जलकुंभी निकालने का कार्य नवीन एक्रेटिक विड हार्वेस्टर मशीन से किया जाकर बड़ी मात्रा में जलकुंभी निकाली जा रही है। निकाली जाने वाली जलकुंभी से जैविक खाद समीप ही बनाये जाने हेतु निगम आयुक्त ने एसडीएम व निगम अधिकारियों के साथ स्थल का चयन किया।**

जलकुंभी से जैविक खाद बनाने का कार्य कम संसाधनों के साथ तीव्रता से हो इस हेतु निगम आयुक्त व एसडीएम ने सड़क के दूसरी ओर शासकीय भूमि का चयन कर भूमि का सीमांकन व फेंसिंग करवाये जाने के निर्देश संबंधित को दिये। इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह राठौर ने जलकुंभी खाद बनाने की जानकारी देते हुए बताया कि जलकुंभी में नाईट्रोजन व फास्फेरस उचित मात्रा में होने से 45 दिनों में जैविक खाद तैयार की जा सकती है। निगम आयुक्त ने इस अवसर पर बताया कि अमृत सागर तालाब से जलकुंभी निकालने का कार्य नवीन एक्रेटिक विड हार्वेस्टर मशीन से तेजी से किया जा रहा है। जलकुंभी से शीघ्र खाद बनाये जाने हेतु सड़क के दूसरी ओर स्थल का चयन किया गया है। भूमि का सीमांकन कर फेंसिंग की जाकर वैज्ञानिक तरीके से जलकुंभी का संग्रहण किया जाकर जैविक खाद तैयार की जायेगी। तैयार की गई खाद को किसानों व नागरिकों को विक्रय किया जायेगा जिससे निगम को राजस्व की प्राप्ति होगी। जलकुंभी की सफाई के बाद अमृत सागर तालाब का स्वरूप निखरेगा। इसके बाद पूरे क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

अग्निबाण 4/1/22

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में अधिकारियों को 32 आवेदनों पर निराकरण के निर्देश

रतलाम। जिला स्तरीय जनसुनवाई में मंगलवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, अपर कलेक्टर एमएल आर्य, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, डिप्टी कलेक्टर कृतिका भीमावद द्वारा 32 प्रकरणों की सुनवाई करते हुए संबंधित विभाग को निराकरण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में निराला नगर निवासी अनारसिंह कुम्पावत ने आवेदन देते हुए बताया कि उनके घर के पास एक विद्युत पोल लगा हुआ है। उक्त पोल की स्ट्रीट लाइट विगत कई माह से बंद है जिससे क्षेत्र में अंधेरा रहता है। असामाजिक तत्व आए दिन शरारत करते रहते हैं। प्रकरण निराकरण के लिए आयुक्त नगर निगम की ओर भेजा गया है। पिपलौदा तहसील के ग्राम रानीगांव निवासी मदनलाल पाटीदार ने जनसुनवाई में आवेदन देते हुए बताया कि प्रार्थी द्वारा जावरा स्थित फर्म भेरूलाल से कृषि दवाई क्रय की गई थी। उक्त दवाई एक्सपायरी डेट की होने से प्रार्थी की फसल खराब हो गई। शिकायत के बाद भी कृषि विभाग द्वारा न तो प्रार्थी को मुआवजा दिया गया और ना ही संबंधित फर्म के विरुद्ध कोई कार्रवाई की गई। आवेदन पर संबंधित विभाग को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। भीमाखेड़ी जावरा निवासी गेंदालाल ने बताया कि प्रार्थी ओबीसी श्रेणी का होकर गरीबी रेखा की श्रेणी में आता है, लेकिन पंचायत सचिव द्वारा कूपन नहीं बनाया जा रहा है। प्रकरण निराकरण के लिए एसडीएम जावरा को भेजा गया है।

नईदुनिया 5/1/22

# कलेक्टर ने स्कूल पहुंचकर किया निरीक्षण

रतलाम। जिले में भी 3 जनवरी से 15 से 18 वर्ष आयु के स्कूली बच्चों का टीकाकरण आरंभ किया गया। प्रथम दिवस 23 हजार से ज्यादा बच्चों को को वैक्सीन टीके लगाए गए। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम निरीक्षण के लिए रतलाम की आनंद कॉलोनी स्थित नवीन कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल पहुंचे जहां बालिकाओं के वैक्सीनेशन कार्य का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े, एसडीएम अभिषेक गहलोत उपस्थित थे। कलेक्टर ने बालिकाओं से चर्चा भी की, स्कूल के स्टाफ से भी चर्चा करते हुए वैक्सीनेशन कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त की। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि 3 जनवरी को रतलाम जिले में 154 स्कूलों में वैक्सीनेशन किया गया। उन्हीं स्कूलों में 4 जनवरी को भी वैक्सीनेशन किया जाएगा। इनमें शासकीय तथा प्राइवेट दोनों प्रकार के स्कूल सम्मिलित हैं। जिले में स्कूलों में 15 से 18 वर्ष आयु के दर्ज 67 हजार बच्चों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। इसके अलावा 20 हजार ड्रॉपआउट बच्चे भी ढूंढकर वैक्सीनेट किए जाएंगे।


नवभारत 5/1/22

# शाबास बच्चों... माणकचौक और उत्कृष्ट स्कूल में 100% वैक्सीनेशन, शहर में दो दिन में 52.37% को लगा टीका

## सेंट जोसफ कॉन्वेंट स्कूल एसडीएम वैक्सीन लगवाने पहुंचे तो 77% को टीके लगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

स्कूल जाने वाले बच्चों का वैक्सीनेशन तेजी से हो रहा है। शहर के माणकचौक और उत्कृष्ट स्कूल के बच्चों ने वैक्सीनेशन में बेहतर प्रदर्शन किया है। दोनों स्कूलों में 100% बच्चों को वैक्सीन लग गई है। इधर, शहर में दो दिन में 52.37% बच्चों को टीका लग गया है। जिले में अभी 37.84% बच्चों को टीके लगे हैं।



शहर में 19,564 बच्चों को टीके लगाने का लक्ष्य है। इसमें से अब तक 10,245 बच्चों को वैक्सीन लग गई है। रतलाम में सबसे अच्छा प्रदर्शन माणकचौक स्कूल का रहा, यहां सभी 262 बच्चों को टीके लग चुके हैं। इसके साथ सागोद रोड उत्कृष्ट स्कूल में 686 बच्चों को टीके लग गए हैं। इधर, सेंट जोसफ कॉन्वेंट स्कूल में मंगलवार को एसडीएम अभिषेक गेहलोत सहित अधिकारी पहुंचे। स्कूल में एक दिन पहले 30% वैक्सीनेशन हुआ था, जबकि मंगलवार को स्कूल में 77% बच्चों को वैक्सीन लग गई। सेंट जोसफ कॉन्वेंट स्कूल में 1050 बच्चे हैं, अब तक 805 को टीका लग चुका है।



सेंट जोसफ स्कूल में स्टाफ से चर्चा करते एसडीएम अभिषेक गेहलोत।

### जानिए, कहां-कितना वैक्सीनेशन

| ब्लॉक | बच्चे | टीके लगे | % |
|---|---|---|---|
| रतलाम | 19,564 | 10,245 | 52.37 |
| आलोट | 14,142 | 5,619 | 39.37 |
| बाजना | 10,622 | 2,016 | 18.98 |
| जावरा | 15,700 | 7,031 | 44.78 |
| पिपलौदा | 8,937 | 3,590 | 40.17 |
| सैलाना | 8,720 | 2,927 | 33.57 |
| ग्रामीण | 16,299 | 4,132 | 25.35 |

### दो दिन में वैक्सीनेशन

| | |
|---|---|
| जिला : बच्चे-93,984 | टीके लगे-35,560 |
| शहर : बच्चे-19,564 | टीके लगे-10,245 |

**जो बच्चे स्कूल में नहीं... वह भी लगवा सकते हैं टीका :** ऐसे बच्चे जो कि स्कूल में नहीं जाते हैं या काम करते हैं। उनको वैक्सीन लगाई जाना है। ऐसे बच्चे काश्यप सभागृह, जमातखाना शेरानीपुरा, जिला अस्पताल, कालिका माता मंदिर, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में जाकर टीका लगवा सकते हैं। यहां आधार कार्ड लेकर जाना होगा, आसानी से टीका लग जाएगा।

दै. भास्कर 5/1/22

# अमृत सागर से निकलने वाली जलकुंभी से बनेगी जैविक खाद

## निगम आयुक्त झारिया ने एसडीएम के साथ किया स्थल का चयन

सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम

अमृत सागर तालाब के संरक्षण व संवर्धन, उन्नयन एवं समेकित प्रबंधन परियोजना के प्रथम चरण में अमृत सागर तालाब से जलकुंभी निकालने का कार्य नवीन एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मषीन से किया जाकर बड़ी मात्रा में जलकुंभी निकाली जा रही है। निकाली जाने वाली जलकुंभी से जैविक खाद सैमीप ही बनाये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने एसडीएम अभिशेक गेहलोत व निगम अधिकारियों के साथ स्थल का चयन किया।

जलकुंभी से जैविक खाद बनाने का कार्य कम संसाधनों के साथ तीव्रता से हो इस हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया व एसडीएम श्री गेहलोत ने सड़क के दूसरी ओर षासकीय भूमि का चयन कर भूमि का सीमांकन व फेंसिग करवाये जाने के निर्देष संबंधित को दिये।

इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह राठौर ने जलकुंभी खाद बनाने की जानकारी देते हुए बताया कि जलकुंभी में नाईट्रोजन व फास्फोरस उचित मात्रा में होने से 45 दिनों में जैविक खाद तैयार की जा सकती है।



निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस अवसर पर बताया कि अमृत सागर तालाब से जलकुंभी निकालने का कार्य नवीन एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मषीन से तेजी से किया जा रहा है। जलकुंभी से षीघ्र खाद बनाये जाने हेतु सड़क के दूसरी ओर स्थल का चयन किया गया है। भूमि का सीमांकन कर फेंसिंग की जाकर वैज्ञानिक तरीके से जलकुंभी का संग्रहण किया जाकर जैविक खाद तैयार की जायेगी। तैयार की गई खाद को किसानों व नागरिकों को विक्रय किया जायेगा जिससे निगम को राजस्व की प्राप्ति होगी। जलकुंभी की सफाई के बाद अमृत सागर तालाब का स्वरूप निखरेगा। इसके बाद पूरे क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, प्रभारी सहायक यंत्री अरविन्द दशोत्तर, उपयंत्री अनवर कुरेशी, राजेश पाटीदार, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर आदि उपस्थित थे।

सिंघम - ५

सिंघम - ५/१/२२

# अमृत सागर से निकलने वाली जलकुंभी से बनेगी जैविक खाद

**रतलाम, नप्र।** अमृतसागर तालाब से जलकुंभी साफ की जा रही है। जलकुंभी निकालने के लिए हार्वेस्टर मशीन से काम लिया जा रहा है। निकाली जा रही जलकुंभी को पास में ही जमा किया जा रहा है जहां उससे जैविक खाद बनाया जाएगा। तालाब संरक्षण व संवर्धन, उन्नयन एवं समेकित प्रबंधन परियोजना के प्रथम चरण में चल रहे काम का निरीक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने एसडीएम अभिषेक गेहलोत व निगम अधिकारियों के साथ करते खाद बनाए जाने के लिए जगह को चुना। राजेन्द्रसिंह राठौर ने जलकुंभी से खाद बनाने की जानकारी देते हुए बताया कि जलकुंभी में नाईट्रोजन व फास्फोरस उचित मात्रा में होने से 45 दिनों में जैविक खाद तैयार की जा सकती है। कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, प्रभारी सहायक यंत्री अरविन्द दशोत्तर, उपयंत्री अनवर कुरैशी, राजेश पाटीदार, दीक्षा निजामपुरकर आदि मौजूद रहे।

प्रभातकिरण / ५/१/२२



मेला दिलों का... त्रिवेणी मेला कल से भले ही खत्म हो गया, लेकिन आखिरी दिन खूब भीड़ उमड़ी। छाया- सुनील डागा

# आदिवासी गीतों पर नाच उठे

**रतलाम, नप्र।** ग्यारह दिवसीय त्रिवेणी मेले के दसवें दिन निगम रंगमंच पर लोक गीत गायक शशांक तिवारी ने एक से बढ़कर एक लोक गीतों की सुमधुर प्रस्तुति देकर नागरिकों को नाचने पर मजबूर कर दिया। गणेश वंदना के साथ हुई शुरू हुए कार्यक्रम में



आदिवासी लोक गीत गायक तिवारी ने ऊपर कांच को बंगलो रे नीचे पान की दुकान, ओ झामरू ओ झामरू, जलने वाले जलते हैं चलने दो गाड़ी फार्म में जैसे कई आदिवासी लोक गीतों की सुमधुर प्रस्तुति देकर मेला परिसर को गीतों से सराबोर कर दिया।

प्रभातकिरण 4/1/22

# देश में तीसरी लहर 37 हजार नए केस

नई दिल्ली (ब्यूरो)। देश में कोरोना महामारी की तीसरी लहर का खतरा बढ़ता जा रहा है। ओमिक्रोन के साथ ही कोरोना संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पिछले 24 घंटे में 37 हजार से ज्यादा नए मामले पाए गए हैं। सक्रिय मामले बढ़कर पौने दो लाख के करीब हो गए हैं। ओमिक्रोन के मामले भी लगभग दो हजार हो गए हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार सुबह आठ बजे अपडेट किए गए आंकड़ों के मुताबिक 37,379 नए मामलों के साथ कुल संक्रमितों का आंकड़ा 3.49 करोड़ को पार कर गया है। इस दौरान 124 और लोगों की जान भी गई है और मृतकों की संख्या भी 4.82 लाख हो गई है। सक्रिय मामलों में 26,248 की बढ़ोतरी हुई है। वर्तमान में सक्रिय मामले 1,71,830 हो गए हैं जो कुल मामलों का 0.49 प्रतिशत है।

**बढ़ता संकट**

**1,71,830** सक्रिय मामले

**124** लोगों की मौत

**तेजी से फैल रहा संक्रमण**

- आइआइटी भिलाई के रायपुर कैंपस में 50 विद्यार्थी संक्रमित मिले।
- आइआइटी खड़गपुर में भी 60 कोरोना संक्रमित मिले।

### ओमिक्रोन : अब तक 1,940 केस

ओमिक्रोन के मामले बढ़कर 1,940 हो गए हैं। इनमें से 766 संक्रमित स्वस्थ हो चुके हैं या दूसरे स्थान को चले गए हैं। सर्वाधिक महाराष्ट्र में 578 और दिल्ली में 382 संक्रमित मिल चुके हैं। अब तक 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ओमिक्रोन के मामले मिल चुके हैं।

### अब तक 147.66 करोड़ डोज लगी

कोविन पोर्टल के शाम छह बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक देश में कोरोना रोधी वैक्सीन की कुल 147.66 करोड़ डोज लगाई जा चुकी है। मंगलवार को खबर लिखे जाने तक 87.50 लाख से अधिक डोज लगाई जा चुकी थी, जिसमें आधी से ज्यादा किशोरों को लगाई गई।

## मप्र : अब 31 जिले चपेट में, 308 नए मामले मिले

भोपाल (नईदुनिया प्रतिनिधि)। प्रदेश में कोरोना संक्रमितों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पिछले नौ दिनों में दस गुना मरीज मिले हैं। 26 दिसंबर को प्रदेश में 30 मरीज मिले थे, जबकि सोमवार को 58,044 सैंपलों की जांच में 308 मरीज मिले हैं। प्रदेश के 31 जिले अब कोरोना की चपेट में हैं। इन जिलों में सक्रिय मरीजों की संख्या 1029 है। प्रदेश में इतनी तेजी से मरीज बढ़ रहे हैं कि जनवरी के अंत तक व्यवस्थाएं भी बौनी साबित हो सकती हैं। सरकार ने बिस्तर बढ़ाने पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। चार दिसंबर की स्थिति में 26,108 बिस्तर थे, जबकि अब (चार जनवरी) 29,569 बिस्तर हैं। यानी सिर्फ 3461 बिस्तर बढ़े हैं।

## देश : कई राज्यों में सख्ती दिल्ली में वीकेंड कर्फ्यू

नई दिल्ली (ब्यूरो)। राज्यों ने प्रतिबंध और कड़े कर दिए हैं। दिल्ली सरकार ने राज्य में वीकेंड (शनिवार-रविवार) कर्फ्यू लागू करने का फैसला किया है। यह निर्णय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में मंगलवार को लिया गया। अन्य कार्य दिवसों पर सरकारी कार्यालयों में जरूरी सेवाओं को छोड़कर सबको दफ्तर आने से मना किया जाएगा। इस बीच सीएम अरविंद केजरीवाल संक्रमित हो गए हैं। इधर पंजाब सरकार ने राज्य में 15 जनवरी तक नाइट कर्फ्यू लागू कर दिया है। नाइट कर्फ्यू रात 10 से सुबह पांच बजे तक होगा। इसके अलावा सभी शिक्षण संस्थानों को अग्रिम आदेश तक बंद करने के निर्देश दिए गए हैं।

# दो नए कोरोना पाजिटिव मरीज मिले, नौ एक्टिव



रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना के नए मामले अब बढ़ने लगे हैं। मंगलवार को दो नए मरीज मिले, जिससे एक्टिव मरीजों की संख्या नौ हो गई है। नए मिले मरीजों में चांदनीचौक निवासी 42 वर्षीय पुरुष व प्रतापनगर निवासी 50 वर्षीय महिला शामिल है। खास बात यह है कि अभी तक किसी में भी ओमिक्रान वेरिएंट की पुष्टि नहीं हुई है। इधर प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। कलेक्टर ने मास्क पहनना अनिवार्य करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।

जिले में छह जुलाई को एक दिन में तीन नए पाजिटिव मिले थे, इसके बाद आंकड़ा 0 तक पहुंच गया था। अब फिर से संख्या बढ़ रही है, जिससे स्वास्थ्य विभाग, प्रशासन अलर्ट मोड पर है। पाजिटिव व्यक्ति के परिवार को सात दिनों के लिए क्वारंटाइन किया जाएगा। इसके साथ ही बस, मैजिक, आटो चालकों, परिचालकों सहित आमजन, शासकीय कर्मचारी आदि सभी को मास्क पहनना अनिवार्य किया गया है। मास्क नहीं पहनने व कोविड गाइडलाइन का उल्लंघन करने पर जुर्माने की कार्रवाई होगी।

नईदुनिया 5/1/22

## शहर में पैच वर्क कार्य का भुगतान पृथक से नियुक्त अधिकारी की जांच पश्चात ही होगा-कलेक्टर

रतलाम। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने रतलाम शहर में सड़कों पर पेचवर्क संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लिया है। शहर में नगर निगम के द्वारा सड़कों पर किए जा रहे पैच वर्क के संबंध में आए दिन शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं। खासतौर पर पैलेस रोड के पैच वर्क की गुणवत्ता के संबंध में गंभीर शिकायत प्राप्त हुई है पैलेस रोड का पैच वर्क प्रथम दृष्टया ही गुणवत्ताविहीन है। अतः कलेक्टर द्वारा न केवल पैलेस रोड का पेच वर्क दोबारा कराने के निर्देश दिए गए हैं बल्कि निगमायुक्त को यह भी निर्देशित किया है कि नगर निगम के अधिकारियों के अलावा भी एक तकनीकी अधिकारी पृथक से समस्त सड़क पैच वर्क का निरीक्षण करेगा। कलेक्टर को रिपोर्ट देगा, उसके पश्चात ही समस्त पैच वर्क कार्यों का भुगतान ठेकेदार को किया जा सकेगा। कलेक्टर द्वारा पृथक से जांच के लिए लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री अनुरागसिंह को नियुक्त किया गया है जो पैलेस रोड पर पैच वर्क गुणवत्ता की जांच 5 जनवरी तक करके रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। अवन्तिका।

अवन्तिका 5/1/22

## पैलेस रोड का पैच वर्क गुणवत्ताविहीन

रतलाम । कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रतलाम शहर में सड़कों पर पेचवर्क संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लिया है। शहर में नगर निगम के द्वारा सड़कों पर किए जा रहे पैच वर्क के संबंध में आए दिन शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं। खासतौर पर पैलेस रोड के पैच वर्क की गुणवत्ता के संबंध में गंभीर शिकायत प्राप्त हुई है। पैलेस रोड का पैच वर्क प्रथम दृष्टया ही गुणवत्ताविहीन है। अत: कलेक्टर द्वारा न केवल पैलेस रोड का पेच वर्क दोबारा कराने के निर्देश दिए गए हैं बल्कि निगमायुक्त यह भी निर्देशित किया है कि नगर निगम के अधिकारियों के अलावा भी एक तकनीकी अधिकारी पृथक से समस्त सड़क पैच वर्क का निरीक्षण करेगा। कलेक्टर को रिपोर्ट देगा, उसके पश्चात ही समस्त पैच वर्क कार्यों का भुगतान ठेकेदार को किया जा सकेगा। कलेक्टर द्वारा पृथक से जांच के लिए लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री अनुरागसिंह को नियुक्त किया गया है जो पैलेस रोड पर पैच वर्क गुणवत्ता की जांच 5 जनवरी तक करके रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। नवभारत।

नवभारत 5/1/22

## 12 जनवरी रतलाम रोजगार मेला

रतलाम। स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी के अवसर पर प्रदेश के साथ ही रतलाम में भी मेगा रोजगार मेला आयोजित किया जाने वाला है जहां विभिन्न शासकीय योजनाओं में हितग्राहियों को करोड़ों रुपए के हितलाभ वितरित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में लगभग ढाई हजार आवेदन स्वीकृत किए जा रहे हैं जिनमें ढाई करोड़ रुपए के ऋण लाभ हितग्राहियों को प्रदान किए जाएंगे। कलेक्टर कुमार पुरुषोतम के निर्देश पर उक्त रोजगार मेले को सफल बनाने और व्यापक ऋण लाभ वितरित करने के लिए जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिलीप सेठिया द्वारा विकासखंडों में पहुंचकर विकासखंड स्तरीय बैंकर समन्वय सलाहकार समिति की बैठकें आयोजित करके अधिकारियों, बैंकर्स के साथ योजनाओं में प्रकरणों की स्वीकृति की सघन समीक्षा की जा रही है। श्री सेठिया ने बताया कि 12 जनवरी को जिले के महिला स्वयं सहायता समूहों को भी वृहद रूप से लाभान्वित किया जाने वाला है। समूहों को 3 करोड रुपए के ऋण लाभ वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना में भी 672 आवेदन स्वीकृत होंगे। रोजगार मेले में 67 लाख रूपए के ऋण वितरित किए जाएंगे।

5/1/22

प्रसारण 5/1/22

**नगर निगम का घटिया पेंचवर्क** • फिर उखड़ने लगा एक पखवाड़े पहले किया पेंचवर्क, 7 लाख रुपए से ज्यादा कर दिए खर्च

# गीले और धूल भरे गड्ढों को साफ किए बिना भरा घटिया डामर, रोड रोलर से दबाया तक नहीं, अब पीडब्ल्यूडी ईई करेंगे जांच

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोई भी काम हो नगर निगम के नाकारा अफसर गड़बड़ी करने से बाज नहीं आते। ताजा खुलासा बदहाल सड़कों को ठीक करने के लिए हुए पेंचवर्क को लेकर हुआ है। एक तो घटिया डामर का इस्तेमाल किया। पानी से गिले हो रहे गड्ढों को सुखाया न धूल साफ की। बस गड्ढों में डामर भर दिया। इतना ही नहीं अधिकांश जगह रोड रोलर से डामर को दबाना तक मुनासिब नहीं समझा। यह होना ही था क्योंकि पेंचवर्क का काम दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी मनोज टांक के भरोसे छोड़ दिया था।

रिटायरमेंट मोड पर चल रहे कमिश्नर सोमनाथ झारिया और इंजीनियरों को झांकने तक कि फुर्सत नहीं मिली। नतीजा कुछ कुछ दिन पहले 13 किमी सड़कों के गड्ढे भरने के लिए किया पेंचवर्क उखड़ना शुरू हो गया है। शिकायतें मिलने के बाद मंगलवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने पेंचवर्क की जांच के आदेश दे दिए हैं। जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर अनुराग सिंह को सौंपी है। रिपोर्ट 5 जनवरी को देना है।

## अंधेरगर्दी... एक करोड़ सालाना का ठेका लेने के बावजूद ठेकेदार नहीं कर रहा ठीक काम



पांच दिन पहले पानी से गिली हो रही पैलेस रोड की मरम्मत करती निगम की गैंग।

ताज्जुब वाली बात यह कि पेंचवर्क नगर निगम को करवाना पड़ रहा है, जबकि पेंचवर्क के ठेके की समय सीमा चार दिन पहले खत्म हुई है। निगम ने दिसंबर 2020 में ठेकेदार बलवीर सिंह राठौर को सालभर सड़कों की मरम्मत करने के लिए एक करोड़ का ठेका दिया था। इसमें ठेकेदार ने बारिश, दीपावली के पहले और दिसंबर में तीन-चार सड़कों का ही पेंचवर्क किया, वह मनमाने तरीके से। बावजूद कार्रवाई करना तो दूर, निगम अफसरों ने मिलीभगत ठेकेदार को दो बार में 58 लाख के बिल पास कर दिए। अक्टूबर में 30 लाख और दिसंबर में 28 लाख रुपए का भुगतान किया।

## पीडब्ल्यूडी अलग भरवा रहा गड्ढे

उधर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) अपनी सड़कों का पेंचवर्क निपटा दिया है। उसने अब तक 6 किमी सड़कों के गड्ढों की मरम्मत की है। इसमें ऑफिसर्स कॉलोनी रोड, शेरानीपुरा, त्रिपोलिया गेट, अमृतसागर तालाब रोड, कस्तूरबा नगर रोड सहित कुछ अन्य सड़कें शामिल हैं। विभाग के अधिकारियों का कहना है जरूरत होने पर और पेंचवर्क करेंगे।

## मनमाने तरीके से ऐसे की खानापूर्ति

- पानी की लाइन में लीकेज और नालियों ओवरफ्लो होने से गिली हुई सड़कों और गड्ढों को सुखाया नहीं, जिससे डामर टीक नहीं पाता।
- बिना ट्रैफिक रोके पेंचवर्क किया, वाहनों की आवाजाही से गर्म डामर स्टेबल नहीं हो पाया और अब जगह छोड़ रहा है।
- कई सड़कों का गिट्टी वाला आधार खराब हो गया है। इसे मजबूत किए बिना मरम्मत कर दी, जिससे डामर को पकड़ ही नहीं मिली।
- गड्ढों में डामर डालने के बाद अधिकांश जगह रोड रोलर चलाकर उसे समतल नहीं किया।

*नगर निगम द्वारा शहर में किए जा रहे पेंचवर्क को लेकर आए दिन शिकायतें मिल रही हैं। जांच के लिए लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को नियुक्त किया है। बुधवार को रिपोर्ट आ जाएगी। उसके बाद ठेकेदार को भुगतान होगा। पैलेस रोड का पेंचवर्क गुणवत्ताविहीन है, उसे दोबारा करने को कहा है।*

**कुमार पुरुषोत्तम,** कलेक्टर

दै.भास्कर 5/1/22

# भवन निर्माण अनुमति में नजूल एनओसी अनिवार्य करने के आदेश को निरस्त कराने के लिए कलेक्टर से मिले पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा

सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम

शहर में भवन निर्माण अनुमति के लिए नगर निगम द्वारा पिछले दिनों नजूल एनओसी अनिवार्य कर दी गई है, जिससे निर्माण अनुमति चाहने वाले नागरिक परेशान हो रहे है। आमजन की परेशानी को देखते हुए पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा ने गत दिवस कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरुषोत्तम से मुलाकात की और इस आदेश को निरस्त करने की मांग की। कलेक्टर ने इस संबंध में शीघ्र निर्णय लेने का आश्वासन दिया है।



इस सबंध में श्री डागा ने बताया कि नगर निगम आयुक्त द्वारा एक आदेश जारी कर नगरीय क्षेत्र की सीमाओं में दी जाने वाली भवन निर्माण अनुमति के लिए नजूल एनओसी अनिवार्य रुप से लिए जाने के निर्देश जारी किए है। आदेश में नगरीय क्षेत्र में रतलाम विकास प्राधिकरण, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग रतलाम से स्वीकृत या अनुमोदित कालोनियो को छोड़कर सभी स्थानों में सभी प्रकार की भवन निर्माण अनुमति के लिए म. प्र भूमि विकास नियम 2012 के नियम 16(11) के खंड (ख) व (ग) तथा म. प्र. शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय के परिपत्र में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार नजूल विभाग की अनापत्ति प्राप्त किए जाने के उपरांत ही भवन निर्माण अनुमति जारी करने के लिए कहा गया है।

**आम जनता की परेशानी से कलेक्टर को अवगत कराया-** इस मामले में पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा ने कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम से मिले और उन्हे इस आदेश से जनता को हो रही परेशानी से अवगत कराया। श्री डागा ने कहा कि इस निगम से शहर में कई स्थानों पर तकनीकी कारणों से लोगों को अनुमति ही नहीं मिल पाएगी। श्री डागा ने बताया कि आमजन की समस्या को देखते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने इस सबंध में शीघ्र निर्णय लेने का आश्वासन दिया है।

सिंघम 4/1/22

# भवन निर्माण में नजूल एन ओसी अनिवार्य के आदेश को निरस्त कराने कलेक्टर से मिले डागा

रतलाम। शहर में भवन निर्माण अनुमति के लिए नगर निगम द्वारा पिछले दिनों नजूल एनओसी अनिवार्य कर दी गई है, जिससे निर्माण अनुमति चाहने वाले नागरिक परेशान हो रहे है। आमजन की परेशानी को देखते हुए पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा ने गत दिवस कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम से मुलाकात की और इस आदेश को निरस्त करने की मांग की। कलेक्टर ने इस संबंध में शीघ्र निर्णय लेने का आश्वासन दिया है। इस सबंध में श्री डागा ने बताया कि नगर निगम आयुक्त द्वारा एक आदेश जारी कर नगरीय क्षेत्र की सीमाओं में दी जाने वाली भवन निर्माण अनुमति के लिए नजूल एनओसी अनिवार्य रुप से लिए जाने के निर्देश जारी किए है। आदेश में नगरीय क्षेत्र में रतलाम विकास प्राधिकरण, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग रतलाम से स्वीकृत या अनुमोदित कालोनियो को छोडकर सभी स्थानों में सभी प्रकार की भवन निर्माण अनुमति के लिए म. प्र भूमि विकास नियम 2012 के नियम 16(11) के खंड (ख) व (ग) तथा म. प्र. शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय के परिपत्र में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार नजूल विभाग की अनापत्ति प्राप्त किए जाने के उपरांत ही भवन निर्माण अनुमति जारी करने के लिए कहा गया है।

अग्निबाण 4/1/22